हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 4 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

10 कृष्ण कुंज फिर बना आग का कुंड



11 शहर के चार केंद्रों में हुई नीट की परीक्षा



# बरगी हादसे के बाद मिनी गोवा गंगरेल बांध में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

जबलपुर स्थित बरगी बांध में क्रूज बोट हादसे के बाद अब धमतरी जिले के प्रसिद्ध गंगरेल बांध (मिनी गोवा) में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में अचानक आए तूफान से हुए दर्दनाक हादसे ने प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता बढ़ा दी है।

घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने गंगरेल बांध के बोटिंग प्वाइंट का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। इस दौरान मॉकड्रिल आयोजित कर डूबते लोगों को बचाने का अभ्यास भी किया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी सुनिश्चित की जा सके।

धमतरी जिले में स्थित गंगरेल बांध प्रदेश का सबसे बड़ा जलाशय माना जाता है, जिसकी जलभराव क्षमता 32 टीएमसी और विस्तार लगभग 95 वर्ग किलोमीटर है। मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध इस पर्यटन स्थल पर विभिन्न कंपनियों द्वारा वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां संचालित की जाती हैं। रविवार को ऑफ-सीजन होने के कारण कम संख्या में बोट संचालित हो रही थी, जिनमें बच्चे, कपल और परिवार के सदस्य सवार थे। कई पर्यटकों ने बोटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं पर संतुष्टि भी जताई।

▸▸ शेष पेज 10 पर

**मिनी गोवा गंगरेल बांध में पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**





## खबर संक्षेप

### नपं में समाधान शिविर का आयोजन 6 को



**मगरलोड।** 6 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन रामलीला मैदान अटल परिसर मगरलोड में होगा। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों से प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित मांग, शिकायत एवं आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिविर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तृप्ति जिले में प्रथम रही



**अंवरी।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला की कक्षा सातवीं की छात्रा तृप्ति पिता धर्मेंद्र महिलांगे ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूरे धमतरी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार और उनके परिजनों ने हर्ष जताया है।

### सुशासन तिहार का समय बदला जाए : आशीष



**धमतरी।** बसपा नेता आशीष रात्रे ने शासन से मांग की है कि सुशासन तिहार का समय बदला जाए। 11 बजे से शाम 5 बजे तक सुशासन तिहार का शिविर आयोजित है जो न्याय संगत नहीं है। सुबह 8 बजे के बाद घर से निकलने के लिए लोग मजबूर हो गए हैं। तापमान बढ़ा हुआ है। कर्मचारियों का भी प्रशासन को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने मांग कि है कि सुबह 8 बजे से 12 बजे तक सुशासन तिहार शिविर आयोजित किया जाए।

**आवश्यकता है**
घरेलू कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें
प्रकाश मिश्रा
मो.नं. 79740-57828
आमातालाब रोड, गौरव पथ, एटीएम मशीन के सामने, धमतरी

नई व्यवस्था के तहत ई-उर्वरक साफ्टवेयर से होगा खाद वितरण

# साफ्टवेयर ही तैयार नहीं, कैसे मिलेगी किसानों को खाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

साफ्टवेयर तैयार नहीं होने से किसानों को खाद मिलना मुश्किल हो गया है। अप्रैल माह से नाममात्र ही खाद का वितरण किया गया है। उधर खाद संकट की खबर से किसान ने अभी से खाद का स्टाक करना शुरू कर दिया है। उन्हें खाद के लिए भटकना पड़ रहा है।

खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अब किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के आधार पर ही खाद दी जाएगी। यूरिया, डीएपी, पोटाश सहित अन्य सभी खाद को सरकार द्वारा किसानों को बड़ी सब्सिडी देकर मुहैया कराया जाता है। इस खाद का इस्तेमाल वास्तविक किसान कर सके और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और उर्वरकों की सही उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एग्रीस्टेक माध्यम से खाद वितरण अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था इस खरीफ सीजन से लागू कर दी है।

विडंबना यह है कि इस व्यवस्था के तहत किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए साफ्टवेयर तो तैयार कर लिया गया है, लेकिन अभी तक साफ्टवेयर ट्रायल रन में है। इस साफ्टवेयर से खाद वितरण शुरू नहीं किया गया है। उधर खरीफ सीजन शुरू हो गया है। रबी सीजन से खाद संकट की स्थिति को देखते हुए किसान अभी से खाद, बीज के इंतजाम में जुट गए हैं। खाद नहीं मिलने पर उन्हें भटकना पड़ रहा है।

### बिना पंजीयन नहीं मिलेगी खाद

इस व्यवस्था के लागू होने के बाद किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन होने पर ही खाद दी जाएगा। जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 30 हजार से ज्यादा किसान हैं। पिछले खरीफ सीजन में करीब एक लाख 1 लाख 27 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। इसमें से 1 लाख 20 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुका है। किसानों का पंजीयन जारी है।



### लिमिट में मिलेगी खाद

खाद का दुरूपयोग रोकने के लिए किसानों को अब लिमिट में खाद मुहैया कराई जाएगी। इस साल से ई-उर्वरक सॉफ्टवेयर के माध्यम खाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें किसानों को उनके पास उपलब्ध जमीन के हिसाब से ही खाद दी जाएगी। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही साफ्टवेयर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। इसके बाद किसानों को खाद का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

### पर्याप्त है स्टॉक

खाद संकट की स्थिति को देखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के गोदामों में 22100 टन खाद का भंडारण किया जा सकता है। इसके विरूद्ध गोदामों में 15935 जमा है, जिसमें प्रारंभिक स्कंध और भंडारण शामिल है। खाद का स्टॉक भंडारण क्षमता का 72 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि इतना भंडारण होने के बाद भी किसानों को खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है। अप्रैल माह से लेकर अब तक 205 किसानों को 136 टन खाद का ही वितरण किया गया है। अब तो वितरण पर भी ब्रेक लगा दिया गया है।

### पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य

एग्रीस्टेक पोर्टल किसानों का एक डिजिटल डाटाबेस है, जिसमें उनकी जमीन, फसल, ऋण और बीमा से संबंधित जानकारी दर्ज रहती है। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए भी इस पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रहेगा।

**- मोनेश साहू,**
*उपसंचालक कृषि विभाग*

# युवा उत्सव में पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री ने परचम लहराया



हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

पीजी कालेज में आयोजित युवा उत्सव में पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। खेलकूद से लेकर शैक्षणिक गतिविधियों में यहां के छात्रों को उल्लेखनीय स्थान मिला है।

युवा महोत्सव में 25 से ज्यादा महाविद्यालय के छात्रों ने हिस्सा लिया। पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने 21 से अधिक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने कौशल, उत्साह एवं टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए। भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री की राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अंबर, हितेन्द्र एवं धर्मेश, विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अजय एवं धनराज ने द्वितीय स्थान हासिल किया। भूमि भोई ने कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान,

▸▸ शेष पेज 10 पर

# जल संरक्षण और जनकल्याण पर जोर, परिसर में पौधे भी रोपे

- राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी



राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ सामान्य परिचर्चा करते हुए विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम अभियान, महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान, जनमन कार्यक्रम, रेडक्रॉस गतिविधियां एवं नवाचारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद उन्होंने परिसर में पौधरोपण भी किया।

बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में संचालित योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन, कृषि में आधुनिक तकनीक व एआई के उपयोग, पर्यटन विकास और नवाचारों की जानकारी साझा की। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने नशा मुक्ति अभियान की प्रगति और कार्रवाई से अवगत कराया।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यह अधिक पानी वाली फसल है, इसलिए जल संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने भविष्य में संभावित जल संकट को देखते हुए अभी से जागरूक होकर पानी बचाने और कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए अधिकारियों से पौधरोपण के साथ उसकी देखरेख सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में खाली भूमि पर अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्यपाल ने सिकलसेल बीमारी, रेफर मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलोरा फसल की सराहना करते हुए खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में संभावनाओं पर जोर दिया तथा रेडक्रॉस से जुड़कर सामाजिक कार्यों में भागीदारी की अपील की। जनमन कार्यक्रम के तहत कमार जनजाति के जीवन स्तर सुधार पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।




**आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

# हटकेशर मार्ग पर बीटी रोड निर्माण कार्य शुरू





हरिभूमि न्यूज ▸▸धमतरी

नगर पालिका निगम द्वारा शहर में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हटकेशर रोड होते हुए हरफतराई मार्ग तक बीटी रोड निर्माण कार्य शुक्रवार से प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि शासन से सहमति मिलने और बजट स्वीकृत होने के बाद इस सड़क निर्माण कार्य को शुरू किया गया है। यह परियोजना अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत की गई है, जिसकी कुल लागत 276.60 लाख रुपये है।

उन्होंने बताया कि एनएच-30 से हराफतराई रोड तक नहर किनारे (कैनाल बंड) बीटी रोड का निर्माण किया जाएगा। इससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा मिलेगी।

निर्माण कार्य का जिम्मा मेसर्स मिलिंद कुमार राणा धमतरी को सौंपा गया है। निगम प्रशासन ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

आयुक्त ने कहा कि शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर यातायात व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### जानकी ने दसवीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी की छात्रा जानकी निषाद पिता बलदेव निषाद ग्राम लड़ेर ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किसा। उनकी इस उपलब्धि पर मोतीराम निषाद, घनश्याम कुमार, उमा राजेंद्र निषाद सरपंच, प्रकाश निषाद देवपुर 22 पाली अध्यक्ष, नोहर निषाद, उमा लाल, ननकू राम , निक्की निषाद, नेमचंद निषाद, चमरू राम, पुरानिक निषाद, चोवाराम उपसरपंच, दीपक राम, विष्णुराम, पवन निषाद सहित प्राचार्य व शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### गैस की कीमत बढ़ने से होटल संचालक परेशान : लेखराम



**अंवरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा गैस की कीमत में भारी वृद्धि करने से जनता एवं होटल संचालकों में चिंता की लकीरें साफ-साफ दिखाई दे रही हैं। भीषण गर्मी से जनता परेशान पहले से हैं। अचानक गैस की कीमत बढ़ जाने से अब लोगों को नाश्ता में समोसा, बड़ा, कचौरी खाना भी महंगा पड़ रहा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। इसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ने से चाट, गुपचुप, फास्ट फूड के शौकीनों को भी अब ज्यादा कीमत चुकानी होगी। अधिकांश छोटे होटल संचालक फिर से चूल्हा युग को अपना रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### मिनी गोवा गंगरेल बांध ...

वहीं वाटर स्पोर्ट्स संचालकों के अनुसार मौसम की जानकारी मोबाइल और आसमान की गतिविधियों के आधार पर ली जाती है। हवा की गति मापने के लिए कोई विशेष यंत्र उपलब्ध नहीं है और लहरों की स्थिति देखकर बोटिंग संचालन का निर्णय लिया जाता है। अचानक तूफान जैसी स्थिति में बचाव के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर्स और लाइफगार्ड तैनात रहते हैं, जिनके पास हाईस्पीड रेस्क्यू बोट, लाइफ जैकेट, प्राथमिक उपचार किट और वॉकी-टॉकी जैसे संसाधन मौजूद हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि बरगी हादसे से सबक लेते हुए गंगरेल बांध जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर आधुनिक सुरक्षा उपकरण, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और सख्त मानकों का पालन जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### युवा उत्सव में पॉलीटेक्निक ...

योगिता विश्वकर्मा ने रैंप वॉक में द्वितीय तथा खोमन ने फोटोग्राफी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही एआई चैलेंज में पॉलीटेक्निक कालेज रूद्री (संयुक्त) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेल गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खो-खो (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान, रिलेरेस (महिला वर्ग) में तृतीय स्थान तथा रस्साकसी (महिला वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-आमदी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

**सूचना पत्र**

प्रति,
(1) शरदबाला पति सुरेश जाति नाई, ग्राम धनोरा (नरहरपुर) (2) बुधारूराम पि. भैयाराम (3) जनकनंदनी पि. बिशेषर कौशिक (4) रेखराम पि. गोवर्धन (5) लीलाम्बर पि. मंगल (6) रमेश ध्रुव पि. अगनूराम ध्रुव

**विषय- नक्शा बटांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत।**

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम आमदी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. आमदी तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 1214/3, 1217/2 रकबा 0.21, 0.22 हे. का आवेदक/आवेदिका शरदबाला पति सुरेश निवासी धनोरा के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 04/12/2025 के अनुसार सीमांकन त्रुटि सुधार/नक्शा बटांकन/स्थल जांच दिनांक 05/05/2026 को दिन मंगलवार समय 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण नक्शा बटांकन/स्थल जांच के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। समय पश्चात आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. आमदी

# गांवों में गर्मी से राहत देने वाले खपरैल घर विलुप्ति की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

अलग खबर

ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक केवलूपोश (खपरैल) वाले घर, जो कभी गर्मी के दिनों में ठंडक का प्राकृतिक अहसास कराते थे, अब धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। बदलती जीवनशैली और आधुनिक निर्माण तकनीकों के बढ़ते प्रभाव के कारण ग्रामीण लोग अब सीमेंट और कांक्रीट के मकानों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं।

खपरैल घरों की खासियत यह रही है कि ये प्राकृतिक रूप से तापमान को संतुलित रखते हैं। मिट्टी से बने ये घर गर्मियों में ठंडे और सर्दियों में अपेक्षाकृत गर्म रहते हैं। इसके विपरीत कांक्रीट के मकान गर्मी के मौसम में अत्यधिक गर्म हो जाते हैं, जिससे लोगों को कूलर और एसी जैसे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

आवश्यकता है कि शासन और समाज मिलकर इस दिशा में पहल करें, ताकि खपरैल घरों की उपयोगिता और महत्व को पुनः स्थापित किया जा सके। ग्रामीण परिवेश की पहचान माने जाने वाले ये घर आज संरक्षण की मांग कर रहे हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी प्राकृतिक ठंडक और सादगी भरे जीवन का अनुभव कर सकें।

### लोग अब कांक्रीट के मकानों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे



#### पर्यावरण के भी अनुकूल

ग्रामीण बुजुर्गों का कहना है कि पहले खपरैल घरों में रहने से न केवल आराम मिलता था, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल भी होते थे। वहीं, अब नई पीढ़ी सुविधा और आधुनिकता के चलते पारंपरिक निर्माण शैली को अपनाने में रुचि नहीं दिखा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस पारंपरिक वास्तुकला को संरक्षित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह पूरी तरह समाप्त हो सकती है।

## दूसरे साल भी जली हरियाली, विभागीय लापरवाही पर भड़के लोग

# कृष्णा कुंज फिर बना आग का कुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा स्थित कृष्णकुंज एक बार फिर भीषण आग की चपेट में आ गया। लगातार दूसरे वर्ष हुई इस घटना ने जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हरियाली बचाने के बड़े-बड़े दावे करने वाला तंत्र इस बार भी आग के आगे बेबस नजर आया और देखते ही देखते सैकड़ों छोटे-बड़े पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। कृष्णाकुंज का निमाण कब हुआ है। कितने का बजट है। इसका भी उल्लेख नहीं है । इस कृष्ण कुंज में भ्रष्टाचार की बू आ रही है जबकि साफ-सफाई के नाम से बजट आता है।



### योजना कागजों में, जमीनी हकीकत कुछ अलग ही

पूर्व में राज्य शासन द्वारा कृष्णकुंज योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर इस क्षेत्र में मिश्रित छायादार ,फलदार, पौधों का रोपण कराया गया था। उद्देश्य था हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना। लेकिन मेंटेनेंस पर खर्च के बावजूद जमीनी स्तर पर सुरक्षा और देखरेख की भारी कमी उजागर हो रही है।



### आग ने फिर ली हरियाली की बलि

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूखी घास, झाड़ियों और खेतों में जलाई जा रही पराली के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। कुछ ही समय में पूरी हरियाली आग की लपटों में समा गई। कई पेड़ पूरी तरह जल गए, जबकि बचे हुए पौधे भी बुरी तरह झुलस गए। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण नुकसान को रोका नहीं जा सका।

### ठोस कदम उठाए जाएंगे : डिप्टी रेंजर

कुरूद रेंजर श्री ध्रुव से इस संबंध में पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि मेरी जगह नया रेंजर प्रधान आया है। उनसे बात कर लीजिए मैं नंबर दे रहा हूं लेकिन काल करने पर श्री प्रधान ने फोन नहीं उठाया। डिप्टी रेंजर कुरूद एरावत सिंह मधुकर ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। उनके अनुसार, पिछले वर्ष की तरह इस बार भी खेतों में पराली जलाने के कारण आग फैली। संबंधित किसान को पहले ही चेतावनी दी गई थी और उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई थी। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### जनता में भारी आक्रोश

घटना के बाद क्षेत्रवासियों में गुस्सा साफ देखा गया। लोगों का कहना है कि लगातार दो साल से आग लग रही है, लेकिन कोई जिम्मेदारी लेने वाला नहीं है। सिर्फ कागजों में काम होता है। अगर समय पर झाड़ियों की सफाई होती, तो आग इतनी नहीं फैलती। साफ-सफाई के नाम पर लाखों खर्च होते हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखता।

### उठ रहे सवाल

लगातार दो साल से आग लगने के बाद भी ठोस उपाय क्यों नहीं है। सूखी घास और झाड़ियों की सफाई क्यों नहीं हुई। सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था क्यों नदारद है। खर्च के बावजूद जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हो रही।

# ज्ञान ही जीवन को सरल और श्रेष्ठ बनाता है : संगीता

- जीजामगांव में ग्रामीण ले रहे राजयोग शिविर का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीजामगांव द्वारा सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन ग्राम मड़ेली के बाजार चौक, राम मंदिर भवन में किया जा रहा है। इस अवसर पर बीके संगीता, बीके पुष्पराज, बीके संतराम समेत गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



मुख्य वक्ता बीके संगीता ने कहा कि मनुष्य जीवन श्रेष्ठ है। श्रेष्ठ तब बनता है जब परमात्मा को साथ लेकर चलते हैं। परमात्मा का ज्ञान जीवन को सरल और श्रेष्ठ बनाता है।जैसे हम छोटे थे, तो माता-पिता शिक्षा देते थे। बड़ों का सम्मान, जीवन में प्रोग्रेस होने की शिक्षा, हमारे लौकिक माता-पिता से मिलता है। ऐसे ही हमारे जीवन में सुख शांति और प्रैक्टिकल जीवन की शिक्षा परमात्मा वर्तमान समय दे रहे हैं। यह शिक्षा कब मिलती है जब धर्म की अति ग्लानि होती है। अपने आप को जब भूल जाते हैं तब ऐसे समय पर परमात्मा मनुष्य जीवन का लक्ष्य बताते हैं।

बीके संतराम पूर्व शिक्षक ने कहा कि सात दिवसीय राजयोग शिविर में आंतरिक शांति और चिंता रहित जीवन जीने की शैली बताई जा रही है। महात्मा बुद्ध ने कहा था कि अपने अंदर की दीपक को जगाओ, यही विचार बुद्ध को महात्मा बुद्ध बनाया है। बीके पुष्पराज ने कहा कि अपने अंदर सुंदर विचार लाने के लिए राजयोग शिविर अवश्य करें।

# दसवीं में कुमकुम व 12वीं में निशा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में कुल 77 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 68 छात्र उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 88.31 प्रतिशत रहा। इसमें से 21 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । 39 छात्र द्वितीय श्रेणी से एवं 8 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में कुल 49 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए। उनमें से 45 छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। इसमें से 26 छात्र प्रथम श्रेणी से, 17 छात्र द्वितीय श्रेणी से तथा 2 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। दसवीं में कुमकुम पिता संतोष कुमार साहू ने 93.33 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम रही। कक्षा 12वीं में निशा पाल पिता धर्मेंद्र पाल



92 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। दसवीं में सरोज पिता यशवंत सतनामी ने 83.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा बारहवीं में अखिलेश साहू पिता हरीश साहू 86.02 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहे। कक्षा दसवीं में भूपेन्द्र पिता मनहरण सतनामी 81.66 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में देवकी पिता कीर्तन निषाद 85 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। छात्रों की विशेष उपलब्धि पर महेन्द्र कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं प्राचार्य कोमल सिंह साहू ने हर्ष जताया है।

# करगा में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में मीलूराम साहू सहायक ग्रेड, चैतराम साहू भृत्य दोनों को संयुक्त भावभीनी विदाई दी गई। संस्था के प्राचार्य बालमुकुंद यदु द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कि हमारी संस्था के ये दोनों आधार स्तंभ थे। दोनों का व्यक्तित्व बहुत ही सरल, सहज रहा हैं। दोनों की कर्तव्यनिष्ठा हमेशा शाला परिवार को स्मरणीय रहेगी। समाजसेवी नारायणलाल साहू ने भी अपने विचार रखे। एसएमडीसी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंग वस्त्र और अभिनंदन पत्र प्रदान किया। मौके पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सदस्य हेमंत साहू, छवि राम साहू ,प्रेमलाल साहू, चित्ररेखा साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनके साहू व्याख्याता ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नारायण सोनी ने दी।

# दसवीं में तीक्षा व 12वीं में गुंजा ने मारी बाजी

- कोसमर्रा स्कूल के होनहारों ने गाड़े सफलता के झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

कोसमर्रा स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों ने शानदार अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

हाईस्कूल परीक्षा में तीक्षा निषाद पिता कृष्णकुमार निषाद ने 555 अंक प्राप्त कर 92.5 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नियति साहू पिता शिवेंद्र साहू ने 548 अंकों के साथ 91.33 प्रतिशत और गौरव पिता हेमचंद ने 548 अंकों के साथ 91.3 प्रतिशत अंक अर्जित किए। प्रतीक कंवर पिता ओमप्रकाश ने भी 547 अंक लाकर 91.16 प्रतिशत के साथ सफलता की सूची में अपनी जगह बनाई।



### बच्चों की मेहनत रंग लाई

इस उपलब्धि पर सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू एवं उपसरपंच हेमलाल चौरे ने घर पहुंचकर सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। तीक्षा निषाद थनवार निषाद की भतीजी हैं। थनवार निषाद हमेशा शिक्षा के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। सरपंच ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने आज कोसमर्रा को गौरवान्वित किया है।

### 12वीं में बेटियों ने लहराया परचम

हायर सेकेंडरी परीक्षा में भी बेटियों का बोलबाला रहा। गुंजा पिता नरेंद्र साहू ने 89.6 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया। विनीता यादव पिता सियाराम ने 89.4 प्रतिशत और सेजल साहू पिता झामेश्वर ने 88.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। चुनिका साहू पिता तेजराम को 81.2 प्रतिशत अंक मिले।

## राशन वितरण में गड़बड़ी : हितग्राही ने की खाद्य अधिकारी से शिकायत

# 35 किलो के स्थान पर मिल रहा मात्र 20 किलो चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी में शासकीय उचित मूल्य दुकान द्वारा राशन वितरण में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। नगर के एक जागरूक राशन कार्डधारी ने इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला खाद्य अधिकारी धमतरी से लिखित शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ढालचंद निषाद निवासी नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार वे शासन के नियमानुसार एक पात्र राशन कार्डधारी हैं और उनके द्वारा ई-केवाईसी सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इसके बावजूद एक शासकीय उचित मूल्य दुकान द्वारा उन्हें शासन द्वारा निर्धारित 35 किलोग्राम चावल के स्थान पर केवल 20 किलोग्राम चावल ही प्रदान किया जा रहा है।

### लगातार हो रही कटौती, नगरवासी अन्य भी परेशान

पीड़ित हितग्राही ने बताया कि उनके साथ यह समस्या 7 अप्रैल 2026 को राशन प्राप्ति के दौरान हुई। इससे पूर्व 10 मार्च को भी उनके साथ इसी प्रकार की कटौती की गई थी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि यह समस्या केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के कई अन्य राशन कार्डधारियों को भी निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। इस अनियमितता को लेकर हितग्राही ने 30 अप्रैल को जिला कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, जिसे खाद्य शाखा द्वारा प्राप्त कर लिया गया है।

### दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शिकायत कर्ता ने बताया कि पीडीएस केंद्र से रात के अंधेरे में ट्रेक्टर में भरकर चावल एक व्यापारी को भेजा गया है जिसकी चर्चा खूब हो रही है। इसका वीडियो भी वायरल तेजी से हो रहा है। राशन वितरण में हो रही गड़बड़ी की तत्काल निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच कराई जाए। यदि कोई सेल्समेन या अधिकारी इस अनियमितता में दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## अंचल की खबरें

### धौराभाठा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में कक्षा 1 से 4 तक परीक्षा परिणाम की घोषणाकर प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल, कॉपी, पेन, चॉकलेट प्रदान किया गया। सरपंच त्रिलोचन साहू ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, नगद राशि देने की घोषणा की। सरपंच त्रिलोचन साहू ने कहा कि जो विद्यार्थी समय का समायोजन कर पूरी लगन के साथ पढ़ाई करते हैं, उनको सफलता निश्चित रूप से मिलती है। मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, वर्षा ठाकुर, चमेली साहू, सुनीता पटेल, जैनबाई ध्रुव, भारती ध्रुव, मीरा ध्रुव, पार्वती ध्रुव, ईश्वरीदयाल साहू, भागवत ध्रुव, भगत सिन्हा, शिक्षक स्टाफ राकेश चंद्राकर, रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक लीलाराम साहू ने किया।

- छात्र शिक्षा प्राप्ति के साथ ही संस्कारवान बनें : त्रिलोचन



### हाईस्कूल चटौद का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। मेहुलकांत साहू पिता इंदलराम साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम गरिमा साहू पिता सियाराम साहू 86.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व कनकलता पिता डीगेश्वर तारक 85.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में प्रथम देवेंद्र साहू पिता मानसिंग साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय भारती पिता रेवा राम ध्रुव 84 प्रतिशत एवं तृतीय वेदिका पिता टिकेश्वर साहू 80 प्रतिशत रहे। सरपंच व अध्यक्ष खेमचंद साहू, बिसेलाल साहू, डोमार साहू, गुलाब साहू, हरीश साहू, तुकाराम यादव, गेंदू राम ध्रुव, संस्था की प्राचार्य आर के ठाकुर ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर व्याख्याता प्रियंका शर्मा, आभा खरे, एसके कंवर, केपी साहू, दयानंद वर्मा, प्रतीक तिवारी, वसंती देवांगन, विश्रुति व्यास, भानुराम साहू, समन्वयक



रमेश चंद्राकर ने हर्ष जताया। यह जानकारी एचआर मरकाम ने दी।

### मोहंदी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में कुल 34 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए जिनमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या 28 तथा द्वितीय श्रेणी से कुल 6 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। हायर सेकेंडरी परीक्षा में विज्ञान संकाय की छात्रा कुमारी रेणुका पिता हेमंत कुमार साहू 92.2 प्रतिशत के साथ प्रथम गणित संकाय की छात्रा कुमारी देविका यादव पिता रुद्रप्रताप यादव 91.8 प्रतिशत द्वितीय, भावेश कुमार जैन पिता हरीश जैन 87.4 0 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। दसवीं में कुल प्रविष्ट 58 विद्यार्थियों में से 53 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 91.37 रहा। प्रथम श्रेणी में 36 तथा द्वितीय श्रेणी से 17 विद्यार्थी पास हुए। हाई स्कूल की परीक्षा में प्रियंका साहू पिता तेजराम साहू 92.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान एवं झरना पिता तेजराम 92.16 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं



हिमांशु सिंह पिता रिकेश सिंहा 91.5 प्रतिशत के साथ तृतीय रहे । शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य कुमेंद्र साहू एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकरण सेन ने हर्ष जताया है।

### गिरौद स्कूल के मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

**मगरलोड।** शासकीय माध्यमिक शाला गिरौद कक्षा 1 से 8 तक वार्षिक परीक्षा की घोषणा की गयी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संकुल समन्वयक ने परीक्षा परिणाम अच्छा आने एवं कक्षा 5 वीं बोर्ड परीक्षा में वेदांत कुमार को 93 प्रतिशत अंक के साथ संकुल में प्रथम आने पर बधाई दी। इस वर्ष सभी बच्चों के लिए 6 पेज वाला रिपोर्ट कार्ड भी वितरण किया गया जिसमे वर्ष भर की समस्त गतिविधियों को अंकित किया जाता है। शासन द्वारा परीक्षा पद्धति मे बदलाव करते हुए अब तिमाही, छमाही व वार्षिक परीक्षा को जोड़कर समेकित अंक एवं ग्रेड का निर्माण किया गया है। प्रधानपाठक ने ग्रीष्मकालीन होमवर्क को पूरा करने की बात कही। समय का उपयोग करते हुए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की

## खबर संक्षेप

### सशिमं दहदहा में गौरव रहा अव्वल



**सिर्री।** सरस्वती शिशु मंदिर दहदहा के गौरव कुमार पिता इन्द्र कुमार मार्कण्डेय ने 95 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल स्टाफ सहित ग्रामीणों ने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### खुशबू 5वीं में 93.50 प्रतिशत से हुई उत्तीर्ण



**सिर्री।** भारतमाता विद्यालय बकली की कक्षा 5वीं की छात्रा खुशबू पिता त्रिलोचन साहू ने 93.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। प्राचार्य कुलेश पटेल एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### दसवीं में त्रिभुवन व 12वीं में यशस्वी अव्वल





**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत एवं 12वीं का 91 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में कुल प्रविष्ट 51 छात्रों में से 48 छात्र उत्तीर्ण एवं तीन छात्र अनुत्तीर्ण रहे । त्रिभुवन साहू 92प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कुमारी दीक्षा साहू 86 प्रतिशत द्वितीय एवं मोनेश कुमार साहू 82 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा 12वीं में कुल 46 छात्रों में 42 छात्र उत्तीर्ण, दो अनुत्तीर्ण एवं दो पूरक रहे। कुमारी यशस्वी पटेल 87 प्रतिशत लेकर प्रथम ,कुमारी खुशी पटेल 86 प्रतिशत द्वितीय एवं खिलेंद्र पटेल 85 प्रतिशत रहे। प्राचार्य केके निर्माण, वरिष्ठ व्याख्याता एनएस साहू, केपी साहू, श्रीमती कंचन कुर्रे, टी. देवांगन, हर्षिनी सरपा, देवव्रत साहू, नेहा, कुलेश्वर साहू समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### माशा केवटी के परीक्षाफल में छात्राओं का दबदबा

**दुर्गुकोंदल।** स्थानीय माध्यमिक शाला केवटी के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। आठवीं में वंदना कोला ने 92.33 प्रतिशत अंकों के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनुजा यादव 91.33 प्रतिशत लेकर द्वितीय और हेमलता यादव 88.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा सातवीं में लबली सांगड़े ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं योगिता सलाम 73 प्रतिशत के साथ दूसरे और सीमा कड़ियाम 72.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा छठवीं की प्रावीण्य सूची में शालिनी 73.6 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष पर रहीं।

### युवक ने जहर खा कर की खुदकुशी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत किरकेपराली निवासी पकलू राम कोमरा पिता चमार सिंह ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसका 1 मई को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। मानसिक स्थिति ठीक नही था। रात में कूलर फिट करने गया था। वापस आने पर उल्टी कर रहा था। पूछने पर बताया कि जहर पी लिया हूं। पता चलने पर इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहें तभी रास्ते में उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# अबूझमाड़ क्षेत्र के किसान भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे

## आदिवासी किसान कंडेल में औषधीय पौधों की खेती के सफल मॉडल से हुए अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा अबूझमाड़ (बस्तर) क्षेत्र के किसानों के लिए औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धमतरी जिले के ग्राम कंडेल में अध्ययन प्रवास सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नक्सल प्रभाव से मुक्त हो रहे अबूझमाड़ क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने और उन्हें आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की गई है। कार्यक्रम के तहत नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के 50 से अधिक आदिवासी किसानों को कंडेल में औषधीय पौधों की खेती के सफल मॉडल से अवगत कराया गया।

किसानों को बताया गया कि इन फसलों की खेती में लागत कम होती है और एक बार रोपण के बाद 3 से 4 वर्षों तक उत्पादन लिया जा सकता है। इससे पारंपरिक धान खेती की तुलना में अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। महिला समूहों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि औषधीय खेती अपनाने से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा की जा रही खस, ब्राह्मी और बच जैसी औषधीय फसलों की खेती का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। नई सुबह की ओर अभियान अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की क्षमता वृद्धि कर उन्हें बाजार में अधिक मांग वाले औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती से जोड़ना है।

बोर्ड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस तरह के प्रशिक्षण और अध्ययन प्रवास के माध्यम से बस्तर के किसानों को सशक्त बनाते हुए उनकी आय दो से तीन गुना तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि अबूझमाड़ क्षेत्र के किसान भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें।



### प्रशिक्षण, तकनीक और सहयोग से औषधीय खेती को बढ़ावा

प्रशिक्षण में खेती की तकनीक, सिंचाई व्यवस्था, पौध रोपण, खाद प्रबंधन और फसल विपणन की विस्तृत जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि बोर्ड द्वारा किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण, पौध उपलब्धता और अनुबंध के माध्यम से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाता है। किसानों को यह भी समझाया गया कि खस जैसी फसलें नदी और नालों के किनारे आसानी से उगाई जा सकती हैं, जिससे बस्तर क्षेत्र में इस मॉडल को अपनाना सरल होगा।

## नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

# शहर के चार केंद्रों में हुई नीट की परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा रविवार को जिले के चार केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से हुई। यह परीक्षा पीजी कॉलेज, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, शिवसिंह कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल और पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर सुरक्षा और अनुशासन के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित रही।

परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पेन-पेपर मोड में आयोजित की गई। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया। तय समय के बाद किसी को भी प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा के दौरान केंद्रों में सख्ती के साथ नियमों का पालन कराया गया।

परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ, कैल्कुलेटर और अन्य गैजेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। ड्रेस कोड के अनुसार हल्के कपड़े पहनने के निर्देश दिए गए थे। कई परीक्षार्थियों को जूते उतारकर प्रवेश करना पड़ा। केवल पारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति थी।

### परीक्षार्थियों ने साझा किया अनुभव

परीक्षार्थी पायल सोनी, झंकार साहू, योगिता नायक, पारसमणि साहू, मनोज विश्वकर्मा और राहुल सेन ने बताया कि परीक्षा में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जो 11वीं और 12वीं के पाठ्यक्रम पर आधारित थे। उन्होंने बताया कि प्रश्नों में सोमैटिक हाइब्रिडाइजेशन के चरण, मूल रोम की उत्पत्ति, सोलेनेसी का पुष्प सूत्र, त्रिगुणित कोशिका, पंच-जगत वर्गीकरण के मापदंड, जैव विविधता ह्रास के कारण, डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की प्रक्रिया, ट्रांसक्रिप्शन यूनिट, परागण के प्रकार, इन-सीटू संरक्षण, हेटेरोफिलस विकास, अमीनो अम्ल, बीजांड की स्थिति, डीएनए पैकेजिंग, प्लेसेंटेशन और आरएनए संश्लेषण से संबंधित प्रश्न शामिल थे।

### आधार कार्ड अनिवार्य, कुछ को लौटना पड़ा

प्रवेश के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी और पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य किया गया था। कुछ परीक्षार्थी केवल फोटो कॉपी लेकर पहुंचे थे, जिन्हें वापस जाकर मूल दस्तावेज लाने पड़े। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 1115 में से 1076 परीक्षार्थी उपस्थित

नोडल अधिकारी मनोज कुमार विद्यार्थी ने बताया कि जिले के चारों केंद्रों के लिए कुल 1115 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1076 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई।

### मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश का माध्यम

नीट परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष सहित अन्य मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिलता है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषय होना आवश्यक है।

### 44 डिग्री तापमान में परीक्षा की चुनौती

भीषण गर्मी के बीच परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को लगभग 40 डिग्री तापमान का सामना करना पड़ा। कई परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से ही केंद्रों के बाहर पहुंच गए थे। केंद्रों के बाहर छाया के लिए पंडाल लगाए गए थे, जिससे कुछ राहत मिली।

### तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

प्रशासन और केंद्र प्रबंधन की सतर्कता से परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था, दस्तावेज जांच और अनुशासन के कारण परीक्षा में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रही। परीक्षार्थियों और अभिभावकों ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया।

# नारी वंदन बिल के समर्थन में सर्वधर्म समभाव से हुआ महिलाओं का सम्मान



- समाज, राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए मातृशक्तियों की भूमिका महत्वपूर्ण : राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नारी वंदन बिल पर पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। देश की आधी आबादी मातृ-शक्तियों को लोकसभा, विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए ला गए इस विधेयक पर चर्चा का दौर जारी है। इसी बीच शहर के समाजसेवी राजेश शर्मा ने प्रेरणादायी पहल करते हुए सर्वधर्म समभाव की भावनाओं को जनमानस में समाहित करते हुए हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म को मानने वाली श्रीमती एस.के. ओबेरॉय, फातिमा बेगम, सोनाई बाई, बिंदा देवांगन का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। श्री शर्मा ने कहा कि समाज, राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए मातृशक्तियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होकर नारी शक्ति का समर्थन करते हुए समाज में उनके योगदान को आगे बढ़ना चाहिए।

भाजपा नेता श्रीमती गीता शर्मा, निगम के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य हिमानी साहू ने कहा कि अब सामाजिक, राजनीतिक सहित विभिन्न क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मौके पर पूर्व पार्षद राजेंद्र शर्मा, अखिलेश सोनकर,पार्षद कुलेश सोनी, पिन्टू यादव, शैलेश रजक, लक्ष्मण पहलवान, प्रमोद यादव, भागवत साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# रविवार को सदर बाजार में दिनभर जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सदर बाजार में रविवार को सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार क्षेत्र में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

रविवार को साप्ताहिक इतवारी बाजार होने के कारण सुबह से ही लोगों की भीड़ बढ़ने लगी थी। इसके साथ ही बड़ी संख्या में दोपहिया, ऑटो, ई-रिक्शा और चारपहिया वाहन बाजार क्षेत्र में प्रवेश कर गए, जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। संकरे मार्गों में वाहनों की आवाजाही बढ़ने से जाम की समस्या गंभीर हो गई।

### घंटों फंसे रहे लोग बढ़ी परेशानी

जाम के कारण कई लोग घंटों तक फंसे रहे। खासकर ई-रिक्शा और चारपहिया वाहनों की अधिक संख्या ने स्थिति को और जटिल बना दिया। कई स्थानों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिससे लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

### यातायात नियंत्रण की मांग

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और यातायात विभाग से मांग की है कि सदर बाजार क्षेत्र में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि इससे जाम की समस्या में काफी हद तक सुधार हो सकता है और लोगों को राहत मिलेगी।





### नीट परीक्षा के कारण बढ़ी भीड़

रविवार को शहर के चार केंद्रों में नीट परीक्षा का आयोजन भी हुआ था। इस वजह से आसपास के जिलों और अन्य शहरों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके परिजन धमतरी पहुंचे थे। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए कई वाहन सदर बाजार मार्ग से गुजरे, जिससे ट्रैफिक का दबाव और बढ़ गया।

### व्यापारिक क्षेत्र होने से रहती है अधिक आवाजाही

सदर बाजार में कपड़ा, ज्वेलरी, मनिहारी, किराना, आर्टिफिशियल सामान और लोहे के सामान की कई दुकानें हैं। यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। रविवार होने के कारण खरीदारी करने वालों की संख्या और अधिक रही, जिससे जाम की स्थिति बनी रही।

## भीषण गर्मी में भी हरी सब्जियां सस्ती

# बाजार में बढ़ी खरीदारों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तेज गर्मी के बावजूद शहर के सब्जी बाजारों में हरी सब्जियों के दाम आम लोगों के बजट में बने हुए हैं। कीमतें सामान्य रहने से लोग थैला भर-भरकर मौसमी सब्जियां और फल खरीद रहे हैं। इससे बाजारों में रौनक बढ़ गई है और खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है।

सब्जी विक्रेता केशव पटेल ने बताया कि शहर के आसपास के क्षेत्र के साथ-साथ बाहरी फार्म हाउस से भी बड़ी मात्रा में हरी सब्जियों की आवक हो रही है। इसी कारण सब्जियों के दाम सामान्य स्तर पर बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में भी लोग आसानी से अपनी पसंद की सब्जियां खरीद पा रहे हैं, जिससे बिक्री में बढ़ोतरी हुई है।

### सब्जियों के ताजा भाव

सब्जी विक्रेता भूषण पटेल के अनुसार रविवार को भटा 20 प्रति किलो, गाजर 30, करेला 40, बरबटी 40, भिंडी 30, ग्वारफली 40, कद्दू 20, टमाटर 20-25, गोभी 30, मुनगा 100, हरी मिर्च 80, केला 40, पत्ता गोभी 20, तोरई 30, कोचई 60, हरा धनिया 100, मूली 20, लौकी 10, शिमला मिर्च 50, परवल 40 और कटहल 40 प्रति किलो बिक रहा है।

### फल भी बजट में, लोगों को मिल रही राहत

हरी सब्जियों के साथ-साथ बाजारों में आम, तरबूज, खरबूज, ककड़ी और खीरा जैसे मौसमी फल भी बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं। ये फल भी किफायती दरों पर मिल रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। गर्मी में लोग इन रसीले फलों का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

### किराना सामान के दाम स्थिर

किराना बाजार में भी कीमतें सामान्य बनी हुई हैं। आलू 15, प्याज 20, शक्कर 45, गुड़ 55, हल्दी 200, मिर्च 260, धनिया 170, जीरा 270, काली मिर्च 900, लहसुन 150 और सोयाबीन तेल 140 प्रति किलो के आसपास बिक रहा है। दालों में अरहर 120, मूंग 100, मसूर 90, चना 70 और चना दाल 80 प्रति किलो के भाव पर उपलब्ध है। अंडा 75 प्रति दर्जन बेचा जा रहा है।

# ग्राम रुद्री में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की उम्मीद बरकरार

- लगभग साढ़े तीन हेक्टेयर भूमि पर जल्द शुरू हो सकता प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रुद्री क्षेत्र में प्रस्तावित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को लेकर भले ही पिछले कुछ महीनों से जमीनी स्तर पर काम नजर नहीं आया हो, लेकिन क्षेत्रवासियों की उम्मीदें अब भी कायम हैं। जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई री-डेवलपमेंट योजना को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं और संभावना जताई जा रही है कि आने वाले समय में इस प्रोजेक्ट को गति मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि 16 मई 2025 को कलेक्टर ने रुद्री चौक स्थित सिंचाई विभाग की पुरानी और जर्जर इमारतों का निरीक्षण किया था। इस दौरान इन भवनों को हटाकर वहां आधुनिक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और व्यावसायिक परिसर विकसित करने की योजना बनाई गई थी। लगभग साढ़े तीन हेक्टेयर भूमि पर इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मूर्त रूप देने की तैयारी की गई थी। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा री-डेवलपमेंट योजना के तहत प्रारंभिक रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। अधिकारियों के अनुसार पुराने गोदाम और कार्यालय भवनों को हटाकर नई योजना का प्रारूप तैयार किया जा चुका है और सिंचाई विभाग से मौखिक सहमति भी मिल चुकी है। योजना को अंतिम स्वीकृति के लिए शासन स्तर पर भेजने की प्रक्रिया जारी है, जिससे जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आने की उम्मीद है।

इस परियोजना के तहत 82 स्वतंत्र मकान और 40 दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव है। इनमें 45 एमआईजी और 37 एलआईजी मकान शामिल होंगे। साथ ही उप संभागीय कार्यालय, प्रयोगशाला और अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण भी प्रस्तावित है। बेहतर बुनियादी सुविधाओं के तहत चौड़ी सड़कों और व्यवस्थित व्यावसायिक परिसर की भी योजना बनाई गई है। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से क्षेत्र का विकास तेज होगा और आवास की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाए, ताकि रुद्री में आधुनिक आवासीय सुविधा का सपना साकार हो सके।

# अंवरी स्कूल में लड़कियों ने मारी बाजी





**अंवरी।** शासकीय हाईस्कूल अंवरी में कक्षा 9 वीं और कक्षा 11 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। कक्षा 9 वीं में कुमकुम साहू पिता पूरेन्द्र साहू भैंसबोड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में काजल प्रथम रही। जिला सदस्य श्रीमती कुलेशवरी गायकवाड़ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रोग्रेस कार्ड और थाली भेंट की। मौके पर सुनील गायकवाड़ पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, फलेन्द्र ध्रुव समिति अध्यक्ष, लेखराम साहू पूर्व सरपंच, रंजीत जांगड़े सांसद प्रतिनिधि, बालाराम ध्रुव पूर्व समिति अध्यक्ष, बिसाहूराम साहू पूर्व सरपंच, चिंताराम मरकाम, दशरथ ध्रुव, दयालुराम ध्रुव, प्राचार्य श्री मेश्राम, पीएन साहू, आईआर साहू, श्री यादव समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

# जुगदेही में श्रमिक दिवस मनाया गया



**अमलीडीह(धमतरी)।** 1 मई को ग्राम पंचायत जुगदेही में श्रमिक दिवस मनाया गया। वीबी जी-राम-जी अधिनियम के तहत तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। सरपंच उर्वशी चांद,उप सरपंच कन्हैयालाल साहू, पंच भागवतराम साहू, केशव निषाद, सरिता साहू, नेहा साहू, प्रीति ध्रुव, रोजगार सहायक डोमन लाल, मजदूर किशनलाल, काशीराम, अमेरिका निषाद, सीमा साहू, सुदर्शन, टेमन लाल मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## शोक संदेश



स्व.श्रीमती कलिंद्रीबाई सिन्हा
जन्म : 01.01.1959 स्वर्गवास 30.04.2026

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माता **श्रीमती कलिंद्रीबाई सिन्हा** का स्वर्गवास दिनांक 30.04.2026 गुरुवार को हो गया है। अतः आप से निवेदन है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हमें कृतार्थ करें।

**पंचनाहवन एवं संपूर्ण कार्यक्रम**
4 मई 2026 सोमवार
स्थान : ग्राम राजपुर (मगरलोड)
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे होगा

शोकाकुल परिवार : दिलीप, मनराखन, भगवंत, राजकुमार, रामसाय, कलिराम, बालाराम, निर्मल, महेन्द्र, दिनेश, खेमसिंग, तेजराम, प्रवीण, भूपेन्द्र, भास्कर एवं समस्त सिन्हा परिवार

विनीत
श्री जानूराम सिन्हा (पुत्र)
श्री जनकराम सिन्हा (पुत्र)
श्री पुरानिक सिन्हा (पुत्र)
श्री मनोहर सिन्हा (पुत्र)
मो.नं. 7697812598

जिस किसी स्नेहीजन को आमंत्रण न मिला हो कृपया इसे ही आमंत्रण समझें

# विद्युत विभाग की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)



ग्राम पंचायत कोर्रा के वार्ड क्रमांक 17 में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। रविवार को क्षेत्र में दो नए बिजली के खंभे लगाए गए, लेकिन इन खंभों की स्थापना में गंभीर लापरवाही सामने आई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खंभों को गाड़ते समय आवश्यक कांक्रीट (सीमेंट बेस) का उपयोग नहीं किया गया, जिससे उनकी मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि कमजोर आधार के कारण ये खंभे कभी भी झुक सकते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बन सकती है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बिजली के तार घरों की छतों के ऊपर से गुजर रहे थे, लोगों की शिकायत पर तार को हटाया गया। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने सर्विस वायर का फेस बदलने की मांग रखी। इसके लिए जब संबंधित सुपरवाइजर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने समय का हवाला देते हुए साफ मना कर दिया। हालांकि, बाद में काम करने की सहमति जताई गई। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही खंभों की गुणवत्ता सुधारने एवं बिजली व्यवस्था को सुरक्षित बनाने की भी अपील की है।

## किंजल साहू जिले में 7वें स्थान पर रही



**जीजामगांव।** छात्रा किंजल साहू पिता ललित साहू चटौद विखं कुरूद निवासी ने छग माशिमं की कक्षा 10वीं परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए 95.17% अंक प्राप्त किए। अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के दम पर किंजल ने पूरे जिले में 7वीं रैंक हासिल कर परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। किंजल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा है। ललित साहू ने बेटी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## सुशासन तिहार से सुशासन और जनसेवा को मिलेगी नई दिशा : प्रियंका

**धमतरी।** महिला मोर्चा की महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यकाल के ढाई वर्ष पूरे होने पर सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरेगा। सुशासन तिहार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सकेगा। शिविरों के जरिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इन कार्यक्रमों में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

















